दैनिक भास्कर

जोधपुर 27-09-2024

# महर्षि दधीचि महिला महाविद्यालय : फ्रेशर्स पार्टी में सुमन मांजू और शिवानी मिस फ्रेशर बनीं

जोधपुर | महर्षि दधीचि महिला महाविद्यालय में गुरुवार को फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं ने फिल्मी व राजस्थानी गीतों पर नृत्य किया। मुख्य अतिथि संस्थान अकादमिक निदेशक डॉ. शुभा दाधीच थी। संस्थान प्रवक्ता आशुतोष दाधीच ने बताया कि महाविद्यालय के बीए, बीकॉम व बीएससी एवं बीए-बीएड/बीएससी-बीएड प्रथम वर्ष में नव प्रवेशित छात्राओं के लिए सीनियर छात्राओं ने फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया जिसमें छात्राओं ने गीतों व पैरोडी पर प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में मिस फ्रेशर बीए-बीएड प्रथम वर्ष से सुमन मांजू तथा बीए प्रथम वर्ष से शिवानी चुनीं गई। प्राचार्या डॉ. ज्योति गोस्वामी ने आभार जताया। विभागाध्यक्ष डॉ. नीता सिंह, डॉ. ज्योति दैय्या, डॉ. चित्रा गौड, डॉ. नरेश डूडी, डॉ. प्रवेश कुमार, गीतिका अरोड़ा, पूजा कुमावत, चंद्रकांता, राजेश कंसारा उपस्थित थे।

